आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 01 लखनऊ, मंगलवार 07 अप्रैल से 13 अप्रैल, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच सांसदों का वेतन घटा

नई दिल्ली। पूरे देश में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच केंद्र सरकार ने सांसदों के वेतन में ३० फीसदी की कटौती का फैसला किया है और साथ ही यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सांसदों को मिलने वाली सांसद निधि दो साल तक नहीं मिलेगी। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में फैसला किया गया कि राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी राज्यों के राज्यपालों के वेतन में भी एक साल तक के लिए ३० फीसदी की कमी की जाएगी। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपालों और सांसदों के वेतन में कटौती के लिए केंद्र सरकार अध्यादेश लाएगी। सोमवार को कैबिनेट की बैठक में इस अध्यादेश को मंजूरी दी गई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई कैबिनेट बैठक में वेतन में कटौती के साथ साथ २०२२ तक सांसदों को हर साल मिलने वाली पांच करोड़ रुपए की राशि बंद कर दी गई है। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने बताया कि वेतन कटौती और सांसद निधि का पैसा भारत की संचित निधि में जाएगी। सांसद निधि दो साल तक रोके



जाने से संचित निधि में ७६ करोड़ रुपए जमा होंगे। इस अहम फैसले के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए १४ अप्रैल तक पूरे देश में लागू लॉकडाउन के बाद की कार्य योजना पर काम करने का निर्देश अपने मंत्रियों को दिया। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि वे उन इलाकों में विभागों को धीरे–धीरे खोलने की योजना बनाएं, जो कोरोना वायरस के हॉटस्पॉट के रूप में नहीं उभरे हैं। मोदी ने मंत्रियों से १० बड़े फैसलों और १० प्राथमिकताओं की सूची बनाने को कहा है। प्रधानमंत्री ने बैठक में मंत्रियों के कामकाज की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रहे फीडबैक की वजह से कोरोना के खिलाफ लड़ाई में कारगर रणनीति बनाने में काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में सभी नेताओं के लिए यह जरूरी है कि वे संबंधित राज्यों और जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में रहें। खासतौर पर उन जिलों में जो कोरोना वायरस के हॉटस्पॉट बने हुए हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि फसल कटाई के लिए सरकार किसानों को हरसंभव मदद मुहैया कराएगी। प्रधानमंत्री ने ऐप आधारित कैब सर्विस की तर्ज पर मंडियों से किसानों को जोड़ने के लिए ऐप आधारित ट्रक सेवा उपलब्ध कराने का सुझाव भी दिया।

## लॉकडाउन पर अनिश्चितता जारी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए १४ अप्रैल तक पूरे देश में लागू लॉकडाउन के खत्म होने को लेकर अनिश्चितता जारी है। सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक के बाद बैठक में किए गए फैसलों के बारे में बताने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि इस बारे में देश हित को ध्यान में रख कर फैसला किया जाएगा और सही समय पर इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा पर बताया जा रहा है कि बैठक में प्रधानमंत्री ने मंत्रियों के कहा कि जिन इलाकों में ज्यादा केस नहीं हैं वहां कैसे धीरे धीरे लॉकडाउन खोला जाए, इसकी योजना बनाएं। लॉकडाउन के बारे में पूछे जाने पर प्रकाश जावडेकर ने कहा– हम हर मिनट दुनिया की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। राष्ट्रहित में फैसला किया जाएगा। सही समय आने पर इस बारे में फैसला किया जाएगा और आप लोगों को जानकारी दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के कई समूह स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने के चंद्रशेखर राव ने कहा है कि उनके राज्य में तीन जून तक लॉकडाउन रहेगा।

## लड़ाई लंबी है, मिलकर लड़ेंगे तो ही जीतेंगे: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मगुरुओं से कहा कि कोरोना के खिलाफ जन– जन को जागरूक करें। कहीं भीड़ न इकट्ठी होने दें। शारीरिक दूरी बनाए रखें। इसके लिए सभी धर्मगुरु अपने–अपने धर्म के अनुयायियों को कोरोना से जंग में सहयोग के लिए प्रेरित करें। सरकार पूरी ताकत से लड़ रही है, आमजन को केवल इसमें सहयोग करना है। मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये रविवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों के धर्मगुरुओं से मुखातिब थे। गुरुद्वारा जटाशंकर के प्रधान सरदार जसपाल सिंह, ईसाई समाज के गोरखपुर धर्मप्रांत के बिशप डॉ. थामस थुरुथिमट्टम, मुस्लिम समाज के शराफत अली और कालीबाड़ी के महंत रवींद्र दास वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद थे। मुख्यमंत्री को सरदार जसपाल सिंह ने बताया कि उनके निर्देशन में यहां साफ–सफाई और पूरी व्यवस्था ठीक चल रही है।

## पांच आतंकी मारे गए, पांच जवान भी शहीद

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के साथ एक बड़ी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकियों को मार गिराया। रविवार को देर तक चले इस अभियान में सेना के पांच जवान भी शहीद हुए। बताया जा रहा है कि पैरा यूनिट के पांच जवान इस मुठभेड़ में शहीद हुए हैं। गौरतलब है कि पैरा यूनिट ने ही सितंबर २०१६ में नियंत्रण रेखा के पार जाकर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का नेतृत्व किया था। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों ने ड्रोन के जरिए पिछले हफ्ते कश्मीर के केरन सेक्टर में कुछ आतंकियों को घुसपैठ करते देखा था। आतंकियों को खत्म करने के लिए बुधवार एक अप्रैल को एक अभियान शुरू किया गया था। हालांकि बहुत ज्यादा बर्फ होने की वजह से सुरक्षा बलों का आगे बढ़ना मुश्किल हो रहा था। तभी शनिवार को सेना के पैरा ट्रूपर को हेलीकप्टर से नियंत्रण रेखा के पास उतारा गया। शनिवार को पूरी रात और रविवार की सुबह तक भारी गोलीबारी होती रही। बर्फ पर पैरों के निशान देख कर जवान आगे बढ़ रहे थे पर उसी बीच बर्फ का एक हिस्सा टूट गया



और जवान एक नाले में जा गिरे। इसी नाले के पास आतंकवादी छिपे हुए थे। इस वजह से आतंकियों और जवानों के बीच आमने सामने की मुठभेड़ होने लगी। अचानक गिरने और मुठभेड़ शुरू होने के बावजूद जवानों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया। तीन जवान मौके पर ही शहीद हो गए थे, जबकि दो जख्मी जवानों को रविवार को एयरलिफ्ट कर श्रीनगर में सेना के अस्पताल लाया गया। जहां बाद में उनकी मौत हो गई।

## यूपी में लॉकडाउन जारी रहने की संभावना

लखनऊ। कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए देश भर में लागू लॉकडाउन १५ अप्रैल से खत्म होने के मसले पर उत्तर प्रदेश सरकार ने यू–टर्न कर लिया है।



अब सरकार ने कहा है कि १५ अप्रैल से लॉकडाउन खत्म होना संभव नहीं है। इससे पहले ऐसी खबर आई थी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी के सांसदों और दूसरे नेताओं के साथ बैठक में कहा कि १५ अप्रैल से लकडाउन खत्म हो जाएगा। उन्होंने लोगों से इस बारे में सुझाव देने को कहा था। हालांकि सोमवार को सरकार ने यह साफ कर दिया है कि जरूरी नहीं है कि १४ अप्रैल के बाद लॉकडाउन खत्म हो जाए, लोगों को इसके लिए लंबा इंतजार भी करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी अवनीश अवस्थी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है खास कर तबलीगी जमात से संबंधित लोगों की। राज्य में २२७ लोग संक्रमित पाए गए हैं और दो लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा– मैं केवल यह कह सकता हूं कि हम शुरुआती स्टेज में हैं और यह कहना असंभव है कि लकडाउन १४ अप्रैल के बाद खुलेगा या नहीं। हम रोज मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कुछ जिलों में सौ फीसदी लॉकडाउन किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में लोगों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। अवस्थी ने कहा– हम यह सुनिश्चित करने के बाद ही लॉकडाउन खोलेंगे कि राज्य कोरोना मुक्त है। अगर एक भी व्यक्ति संक्रमित है तो यह बहुत मुश्किल होगा और इसलिए लॉकडाउन के खत्म होने की

# सम्पादकीय

## कोरोना के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था हो रही खराब

कोरोना वायरस का प्रकोप शायद आने वाले कुछ समय में नियंत्रित हो जाए, लेकिन इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था जो खराब असर पड़ रहा है, उससे उबरना लंबे समय तक संभव नहीं होगा। डोनल्ड ट्रंप प्रशासन के एक बड़े अधिकारी उचित ही इस हालत को विनाशकारी बताया है। भारत में जीडीपी की वृद्धि दर नकारात्मक हो जाएगी, इस आशंका में यकीन करने वाले जानकारों की संख्या बढ़ती जा रही है। दुनिया भर की सरकारें आर्थिक संकट के गहराने से चिंतित हैं। अपने देश में मामला अलग है, क्योंकि यहां के नैरेटिव पर सरकार का कंट्रोल है और अब उसके लिए यह बताना ज्यादा आसान हो जाएगा कि सारी मुसीबत कोरोना के कारण आई, जो उसके हाथ में नहीं था। बहरहाल, जो संकट है, वह नैरेटिव से नहीं संभाला जा सकता। लोगों की आवाजाही ठप होने और देशों की सीमाएं सील हो जाने का नतीजा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था सुस्त हो गई है। अब संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (यूएनडीईएसए) ने इस बारे में गंभीर चेतावनी दी है। कहा है कि अगर लोगों की आवाजाही और आर्थिक गतिविधियों पर पाबंदियों की समयसीमा और बढ़ती है और साल की तीसरी तिमाही में भी जारी रहती है, तो आर्थिक गिरावट और अधिक हो सकती है। एजेंसी का कहना है कि आय और उपभोक्ता खर्च के मामले पर दी जाने वाली आर्थिक मदद नाकाम रहती है, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था बेहद सिकुड़ जाएगी। २००६ में वैश्विक मंदी के दौरान विश्व अर्थव्यवस्था में १.७ फीसदी की कमी आई थी। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वायरस के प्रसार का डर और बढ़ रहा है। इससे दुनियाभर के वित्तीय बाजारों में उथल पुथल का माहौल है। सबसे अच्छे परिश्य में निजी उपभोग, निवेश और निर्यात में मध्यम गिरावट की भरपाई, सात प्रमुख औद्योगिक देशों के साथ–साथ चीन में सरकारी खर्च में बढ़ोतरी से हो सकती है, जिससे २०२० में वैश्विक विकास १.२ फीसदी तक गिर सकती है। यूरोप और उत्तर अमेरिका में तालाबंदी होने से लोगों की आवाजाही पर भारी असर पड़ा है, जिससे सेवा क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इनमें खास तौर से रिटेल कारोबार, पर्यटन और परिवहन उद्योग शामिल हैं। इन क्षेत्रों की अर्थव्यवस्थाओं में ये उद्योग २५ फीसदी से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अमीर विकसित देशों में लगी पाबंदियों का असर विकासशील देशों तक पहुंच जाएगा, जहां निवेश और व्यापार कम हो जाएंगे।

# आपदा की स्थिति में कन्ट्रोल रूम राहत कार्यों की बैकबोन है : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपदा की स्थिति में कन्ट्रोल रूम राहत कार्यों की बैकबोन है और ऐसे में आवश्यक सुविधाएं व शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में इनकी बड़ी भूमिका है। योगी ने आज यहां लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) में राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित एकीत आपदा नियन्त्रण केन्द्र का लोकार्पण करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में कन्ट्रोल रूम राहत कार्यों की बैकबोन होता है। उन्होंने कहा कि लकडान के मद्देनजर सभी जिलाधिकारी अपने–अपने जिलों के कन्ट्रोल रूम में एक जिम्मेदार नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर २४ घंटे इसका संचालन सुनिश्चित कराएं। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से त्वरित गति से राहत कार्यक्रम संचालित कराया जाए। आमजन तक क्वारन्टीन वॉर्ड, इन्स्टीट्यूशनल क्वारन्टीन, आइसोलेशन वॉर्ड, लेवल–१, लेवल–२,लेवल–३ के कोविड अस्पतालों की जानकारी तथा जरूरतमंदों तक फूड पैकेट



आदि पहुंचाने में कन्ट्रोल रूम का बेहतर ढंग से उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना के विरुद्ध संचालित अभियान में बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंद तक आवश्यक सुविधाएं व शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कन्ट्रोल रूम की बड़ी भूमिका है। बहुत कम समय में एकीकृत कन्ट्रोल रूम के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों को जोड़ने के लिए उन्होंने राजस्व विभाग की सराहना भी की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनपदों के कन्ट्रोल रूम से जुड़ा इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम, प्रदेश में राहत कार्यों के तेजी से संचालन में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों से सम्बद्ध इस वीडियो वॉल युक्त एकीकृत आपदा नियन्त्रण केन्द्र की स्थापना से कोरोना वायरस कोविड–१६ की वैश्विक महामारी की स्थिति में राहत कार्यों को तीव्रतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। इसके अलावा आपदा की अन्य स्थितियों में भी जरूरतमंद व्यक्तियों को त्वरित गति से सहायता पहुंचायी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में एक–एक सूचना को प्राप्त कर संकलित किया जाए। सूचना को सही व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ ही, उसका समाधान भी सुनिश्चित कराया जाए।

## केजीएमयू ने कोविड–१६ परीक्षण की क्षमता में किया विस्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ने कोविड–१६ परीक्षण की क्षमता में विस्तार किया है। केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को बताया कि कोराना वायरस के टेस्ट के लिए दो और मशीनें इस्तेमाल में लाई गई हैं। वीसी प्रो. एमएल भट्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला ने कोरोना परीक्षण की शुरूआत दो मशीनों से की थी, जबकि अब इस काम के लिए चार मशीनें काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि उन्नत अनुसंधान केंद्र में रिसर्च का काम फिलहाल बंद पड़ा है, इसीलिए सभी मशीनों को टेस्टिंग में लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में यहां जांचे गए नमूनों में १६ ऐसे लोग कोरोना पाजीटिव पाए गए जो निजामुद्दीन मरकज में शामिल होने के बाद उत्तर प्रदेश में आए थे। इनमें शनिवार को १२ और रविवार को सात में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उन्होंने दावा किया कि लकडाउन ने संक्रमण को रोकने में अहम भूमिका निभाई है और यदि लॉकडाउन की सीमा को बढ़ाया जाता है तो इसमें और मदद मिलेगी। प्रो. भट्ट ने कहा "हमें लक डाउन का लाभ मिला है। कोविड–१६ की बढ़ोत्तरी की दर में कमी आई है। निजामुद्दीन से राज्य की सीमा में दाखिल हुए लोगों के संपर्क में आए कुछ लोगों ने स्थिति को असहज किया, लेकिन सरकार ने त्वरित कार्रवाई कर इन्हें क्वारंटीन कर दिया। हम आशा करते हैं कि हालात अब और खराब नहीं होंगे।" उन्होंने कहा कि आने वाले सात दिन राज्य में कोरोना के लिहाज से बेहद अहम होंगे। लखनऊ में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और अब यहां जमात का कोई मामला सामने नहीं आया है। केजीएमयू ने अब तक २५०० से अधिक नमूनों का परीक्षण किया है।

## जमीनी विवाद में पिता बेटे ने तोड़ा दम

लखनऊ। राजधानी में जमीनी विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच हुए खूनी संघर्ष में पिता की मौत के बाद रविवार को बेटे ने भी ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। बताया गया था कि परिवार के बीच रास्ते की जमीन को लेकर कुछ कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद दोनों परिवारों में खूनी संघर्ष हुआ। पुलिस के मुताबिक, नाम नामजद एफआइआर दर्ज कराई गई थी। चार को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। मामले की जांच की जा रही है।मामला सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के चौधरी खेड़ा गांव का है। यहां मंगलवार रात गांव के निवासी धनीराम व लाला राम के परिवार के बीच रास्ते की जमीन को लेकर कुछ कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद घर के बाहर मौजूद लाला राम व उसके बेटे पंकज सहित परिवार की महिलाओं पर विपक्षी धनीराम के परिजनों ने लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट में लालाराम उसके बेटे पंकज व महिलाओं को गंभीर हालत में पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वहीं, घटना के दूसरे दिन लाला राम की मौत हो गई थी। उधर, पांच दिनो से पंकज जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था। रविवार को पंकज ने भी ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया।थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह के मुताबिक, मारपीट में मृतक लालाराम के रिश्तेदार राजकुमार द्वारा धनीराम, मन्नू ,दाताराम, युवराज पुत्र धनीराम व ईश्वरी देवी के नाम नामजद एफआइआर दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोपी मन्नू, दाताराम, ध्‍नीराम व युवराज को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त लाठी व लोहे के रड को भी बरामद कर लिया गया है। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र को अस्तित्व में आएं अभी दो माह का ही समय हुआ, लेकिन इस दौरान थाना क्षेत्र में लगातार निरंकुश अपराधियों ने ताबड़तोड़ तीन हत्याओं के साथ ही बुजुर्ग से पचास हजार की लूट व लखनऊ बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पर जानलेवा हमला व ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना को अंजाम देकर पुलिस के इकबाल पर ही सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

# लखनऊ पुलिस ने किया अभी तक कुल 165 जमातियों को चिंहित

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने अभी तक कुल १६५ जमातियों को चिंहित किया है। पुलिस आयुक्त सुजीत पांडेय के मुताबिक दिल्ली के निजामुददीन मरकज में शामिल कुल ४६ लोगों के बारे में जानकारी मिली है। इनमें २३ विदेशी हैं। इसके अलावा लखनऊ के रहने वाले १८ जमाती और पांच महिलाओं को भी चिंहित किया गया है, जो फिलहाल दिल्व्ली में ही मौजूद हैं। पुलिस ने लखनऊ मे आयोजित जमात में शामिल हाने आए ११६ लोगों को पकड़ा है। सभी को क्वारंटाइन के लिए भेजा गया है। पुलिस आयुक्त्त के मुताबिक अब तक कुल २५ जमातियों के कोरोना संक्रमित होने की बात सामने आई है। पुलिस की ओर से २३ विदेशी नागरिकों के खिलाफ लॉक डाउन के उल्लंघन, टूरिस्ट वीजा पर आकर धर्म का प्रचार करने और राजधानी पहुंचने के बाद स्थानीय पुलिस को सूचना नहीं देने के आरोप में एफआइआर दर्ज की गई थी। यही नहीं सदर के कसाई बाड़घ स्थित अली जान मस्जिद में मिले १२ जमातियों के कोराना वायरस से संक्रमित होने की जानकारी मिलने के बाद सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपितों पर आइपीसी की धारा १८८, २६९, २७०, २७१ व धारा तीन महामारी अधिनियम १८६७ व अंतर्गत धारा ५६ आपदा प्रबंधन के तहत एफआइआर हुई थी। राजधानी में मिले कुल १४२ जमातियों में अभी तक ३५ के खिलाफ एफआइआर दर्ज है। पुलिस आयुक्त ने शेष १०७ जमातियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। सभी पर लॉक डाउन के निर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप है। अभी तक राजधानी में कुल २५ जमाती कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें तब्लीगी जमात के लोग भी शामिल हैं। इन्हें बख्शी का तालाब स्थित जीसीआरजी मेडिकल कॉलेज व राम सागर मिश्र अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# भाजपा के ४०वें स्थापना दिवस पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना से लड़ो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा के ४०वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनको कोरोना से लड़ने का संदेश दिया। इस बार स्थापना दिवस पर मोदी का भाषण पूरी तरह से कोरोना वायरस के संक्रमण पर केंद्रित रहा। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना वायरस से जंग में न हारना है और न ही थकना है। इस लंबी लड़ाई में जीत कर ही निकलना है। उन्होंने ट्विटर पर भी पार्टी के स्थापना दिवस पर शुभकामना और बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि वे इस मुश्किल वक्त में जरूरतमंदों की मदद करें और इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में यह भी कहा कि कोरोना से निपटने में भारत के प्रयासों की तारीफ हुई है। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक इस लड़ाई में साथ है। मोदी ने कहा– वर्तमान परिस्थितियों में हम अपने चारों तरफ देख रहे हैं। चाहे वह एक दिन का जनता कर्फ्यू हो या लंबे समय का लॉकडाउन, देश का हर नागरिक साथ है। १३० करोड़ लोगों के देश में लकडाउन के समय जिस प्रकार की एकजुटता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। प्रध ाानमंत्री ने रविवार को दीया, मोमबत्ती जलाने की अपनी अपील का हवाला देते हुए कहा– चाहे अमीर हो या गरीब हो, सब एक साथ आए। इस लड़ाई में मैं अकेला नहीं है। इसमें पूरा देश मेरे साथ है। इसे लोगों ने कल रात दिखा दिया। गांव–देहात से शहर तक असंख्य लोगों ने कोरोना संकट की हताशा और निराशा दूर करने में मदद की। उन्होंने एकजुटता दिखाई। यह लंबी लड़ाई है, न थकना है, न हारना है, लंबी लड़ाई के बाद भी जीत कर निकलना है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि हर भाजपा कार्यकर्ता पक्का कर ले कि उसके आसपास एक भी गरीब भूखा नहीं रहेगा। मोदी ने घर से निकलते समय सभी लोगों ने मास्क पहनने की हिदायत भी दी। भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे इस संकट के समय में कोरोना से लड़ाई के लिए दान करें। उन्होंने इस लड़ाई में शामिल सभी लोगों का आभार जताने के लिए भी कहा।

# लखनऊ की मेयर संयुक्ता भाटिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर जनता को धन्यवाद दिया



अखिलेश दुबे

लखनऊ। राजधानी की मेयर संयुक्ता भाटिया व उनकी बहू रेशू भाटिया समेत सभी परिवारवासियों ने अपने आवास सिंगर नगर आलमबाग पर दीप प्रज्वलित किया और सभी देशवासियों को धन्यवाद देते हुए संयुक्ता भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश का हम सभी लखनऊवासियों की तरफ से हार्दिक स्वागत करते हुए दीप टॉर्च मोमबत्ती के माध्यम से रोशनी की गई कोरोना वायरस में लड़ रहे समस्त कर्मचारियों डॉक्टरों एवं सफाई कर्मियों को एक प्रेरणा भरा संदेश देते हुए उनको धन्यवाद भी दिया है इस आपदा की घड़ी में देश में फैली महामारी के विरुद्ध लड़ाई में एकता का परिचय देते हुए हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हुआ और हम अंधेरे उनकी किसी भी प्रकार के संकट से निपटने के लिए तैयार और सक्षम है मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारी लखनऊ की जनता प्रशासन के साथ मिलकर इस महामारी को परास्त करने के लिए तैयार है पूरे लखनऊ मे ही नहीं बल्कि सम्स्त देशवासियो ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये संदेश के माध्यम से भारत को गौरवान्वित किया है।

# पुराने लखनऊ के का कुछ इलाका सील

लखनऊ। राजधानी पुलिस ने सोमवार कोरोना के छह और मामले सामने आने के बाद सील हुए इलाकों में सख्ती बढ़ा दी। पुलिस आयुक्त सुजीत पांडेय के मुताबिक पूरे इलाके में सिर्फ दवा और राशन ले जाने वालों को ही प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है। इसके अलावा किसी को भी वहां जाने नहीं दिया जा रहा है। पुराने लखनऊ के जिन इलाकों को सील किया गया है वहां अघोषित कफर्यू जैसा माहौल है।नक्खास के एक व्यक्ति को कोरोना पजीटिव निकला है। अकबरी गेट नक्खास के कुछ इलाके को सील किया किया गया है। सोमवार को इन इलाकों का भ्रमण करने जेसीपी कानून व्यवस्था नवीन अरोड़ा पहुंचे। अमीनाबाद, कैसरबाग, वजीरगंज, चौक व अन्य इलाकों में उन्होंने पुलिस टीम के साथ भ्रमण किया और सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया। एडीसीपी पश्चिम विकास चंद्र त्रिपाठी के मुताबिक सोमवार को जिन छह लोगों में कोरोना वायरस के लक्षण मिले हैं, उनमें से एक व्यक्ति अकबरी गेट नक्खास का रहने वाला है। यह जमातियों के संपर्क में आया था। इसके अलावा भी कई लोग संपर्क में आए थे, जिन्हें क्वारंटाइन किया गया है। अभी कई लोगों की रिपोर्ट नहीं आई है। इलाके में बेरिकेडिंग लगाई गई है। हर तरफ सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। लाउडस्पीकर से लोगों को घरों में रहने की अपील की जा रही है। कोरोना संक्रमित मिले छह लोगों में से तीन कसाई बाड़ा इलाके के रहने वाले हैं। तीनों अली जान मस्जिद में ठहरे जमातियों के संपर्क में आए थे। ये लोग मस्जिद के आसपास ही रहते है। पुलिस ने तीनों को क्वारंटाइन कराया था। सैंपल लिए गए थे, जिसके बाद सोमवार को रिपोर्ट आई। कसाई बाड़ा के सील इलाके में सोमवार को सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस ने कुछ अन्घ्य लोगों से भी सैंपल देने को कहा है। यहां पर मेडिकल टीम से कुछ लोगों ने दो दिन पहले सैंपल देने से मना कर दिया था। हालांकि सोमवार को छह नए मामले सामने आने के बाद लोग सतर्क दिखे।

# मुख्यमंत्री योगी ने दीये जलाकर दिया एकजुटता का संदेश



लखनऊ। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद देशभर में लोगों ने दीया और मोमबत्ती जलाकर एकजुटता सबसे बड़ा संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दीये जलाकर प्रधानमंत्री मोदी की अपील का समर्थन किया। देशभर में कोरोना से चल रही इस जंग के दौरान एक बेहतरीन तस्वीर देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद देशभर के लोगों ने आज अपने घरों की बत्तियां बुझा कर दीये, मोमबत्ती और मोबाइल की फ्लैश लाइटें जलाईं। इस दौरान लोगों ने आतिशबाजी भी की। कोरोना से सीधा मुकाबला कर रहे योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पीएम मोदी ने शुक्रवार को ये अपील की थी।

# हिली धरती,गुवाहाटी में भूकंप के झटके

लखनऊ। कोरोना की दहशत के बीच देर रात आज गुवाहाटी में लोगं ने भूकंप के झटके महसूस किए। इसके अलावा राज्य के अन्य हिस्सों में भी धरती हिली। अभी तक भूकंप की तीव्रता और केंद्र का पता नहीं चल सका है। हाल ही में अमेरिका में कोरोना वायरस की तबाही के बीच भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिका के इदाहो राज्य में ६.५ तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके करीब २० से ३० सेकेंड तक महसूस किए गए। कोरोना वायरस के दहशत के बीच बीते २१ मार्च को छत्तीसगढ़ और ओडिशा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से बस्तर और सुकमा जिलों के कुछ हिस्सों में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए थे। वहीं, ओडिशा के मलकानगिरी इलाके में भूकंप से लोग समह गए। छत्तीसगढ़ में २१ मार्च की सुबह करीब ११ : १५ बजे बस्तर और पड़ोसी सुकमा जिले में ४.२ तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जगदलपुर से ४२ किमी दूर दक्षिण–पूर्व में छत्तीसगढ़–ओडिशा सीमा के करीब था। भूकंप के झटके के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल गए थे।

# लखनऊ में छह और लोगों में कोरोना की पुष्टि अब कुल 17 मरीज

लखनऊ। तबलीगी जमात का राजधानी में भ्रमण भारी पड़ रहा है। शहर में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। मस्जिद में संपर्क में आए पांच लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। वहीं शहर में सोमवार को एक बच्चे समेत छह लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है।सीएमओ डॉ. नरेंद्र अग्रवाल के मुताबिक मस्जिद में तबलीगी समाज के संपर्क में आए लखनऊ निवासियों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान ४८ लोगों के सैंपल जांच के लिए केजीएमयू भेजे गए। इनमें पांच लोगों में कोरोना वायरय की पुष्टि हुई है। इसमें तीन सदर कैंट निवासी, एक अकबरी गेट निवासी, एक आइआइएम रोग निवासी व्यक्ति है। वहीं छठा मरीज ढाई वर्षीय बच्चा गोमती नगर निवासी है। यह संक्रमित मां के संपर्क में आया था। ऐसे में पांच मरीजों को साढ़ामऊ अस्पताल व बच्चे को केजीएमयू में भर्ती कराया गया है। ऐसे में लखनऊ में अब मरीजों की संख्या बढ़कर १७हो गई है। शहर में केजीएमयू व पीजीआइ में जांच के लिए विभिन्न जनपदों के सैंपल आए। इसमें केजीएमयू में १६ मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इसमें छह लखनऊ, आठ सीतापुर खैराबाद, दो आगरा के मरीज हैं। वहीं पीजीआइ में दो कानपुर के मरीजों में कोराना की पुष्टि हुई है। राजधानी के बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कोरोना पॉजिटिव मरीजों को साढ़ामऊ अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। साढ़ामऊ में १४, केजीएमयू में आठ व कमांड में दो मरीज भर्ती हैं। इनकी हालत स्थिर है। सभी का इलाज चल रहा है।

# आवागमन पर पूरी तरह से रोक

लखनऊ। लखनऊ में छावनी क्षेत्र को सील कर दिया गया है और क्षेत्र में लोगों का आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया है। आवश्यक सेवाओं में सेना के जवानों को छावनी क्षेत्र में आवाजाही की अनुमति दी जाएगी, जबकि अन्य को अगले आदेश तक सड़कों से दूर रहने के लिए कहा गया है। यह निर्णय सदर बाजार में छावनी क्षेत्र की निकटता के मद्देनजर लिया गया है, जहां शुक्रवार को तब्लीगी जमात के १२ सदस्य एक मस्जिद में ठहरे हुए पाए गए थे। जमातियों को क्वारंटीन में रखा गया है और पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया और उस क्षेत्र को अच्छी तरह से साफ कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सेना ने कोरोना वायरस के प्रसार को मद्देनजर छावनी की सफाई करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उसके कर्मी कोरोना संदिग्ध के संपर्क में तो नही आएं हैं। क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों को आदेशों का पालन करने के लिए कहा गया है।

# तबलीगी जमात ने देश में मस्जिदों से मौत बांटना शुरू किया : रिजवी

लखनऊ। दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज में तबलीगी जमात आयोजित कराने के मामले में मौलाना साद पर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन वसीम रिजवी ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि तबलीगी जमात ने देश में मस्जिदों से मौत बांटने का काम किया है। वसीम रिजवी ने यहां गुरुवार को अपने जारी बयान में कहा कि ”निजामुद्दीन मरकज में तबलीगी जमात के मुखिया मोहम्मद साद पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तबलीगी जमात ने देश में मस्जिदों से मौत बांटने का काम किया है। ऐसे में जमात या फिर इनके कारण



किसी दूसरे की मौत होने पर उसका दोषी मौलाना मोहम्मद साद को मानते हुए उन्हें मृत्युदंड से कम सजा न दी जाए। वसीम रिजवी ने कहा, ”अल्लाह की इबादत करना अच्छी बात है, लेकिन अल्लाह कभी अपने बंदों पर जुल्म नहीं करता।असल में, कुछ इंसानों की गलतियों का खामियाजा दुनियाभर के इंसानों को झेलना पड़ रहा है।” शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन ने कहा कि वहाबी जमातियों को देखकर ऐसा लगता है कि उनका अल्लाह कोई और है, क्योंकि वे कहते हैं कि यह महामारी अल्लाह ने दी है और बंदों को इसके लिए अल्लाह से तौबा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर जमात में शामिल लोगों की वजह से कोरोना वायरस तेजी से फैलता है और किसी की भी मौत उस संक्रमण से होती है तो निजामुद्दीन मरकज के मौलाना मोहम्मद साद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

# बाहर से लौटे मजदूरों को सैनिटाइज करने पर विवाद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बाहर से लौटे मजदूरों को सैनिटाइज करने के मसले पर विवाद हो गया। बरेली में लौटे कुछ मजदूरों पर पाइप के जरिए सैनिटाइजर डाले जाने का वीडियो आया, जिसके बाद मजदूरों के साथ अमानवीय बरताव का मामला उठा है। जिले के कलेक्टर ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। इस बीच नोएडा में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के अधिकारियों को फटकार लगाई है। कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए लागू लकडाउन के छठे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सभी सीमाएं सील करने का आदेश दिया। उत्तर प्रदेश की सीमाएं सील करने से पूर्वांचल में एक लाख से ज्यादा नाविक परिवार बेरोजगार हो गए हैं। वहीं, खबर है कि बुंदेलखंड के सात जिलों– झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट में चार लाख से ज्यादा मजदूर बेरोजगार होकर अपने गांव लौटे



हैं। इस बीच राज्य के पुलिस प्रमुख हितेश चंद्र अवस्थी ने सोमवार को कहा– बाहर से आने वालों की सेहत की जांच होगी, इसके बाद उन्हें आइसोलेशन में भेज दिया जाएगा। उधर, हरदोई जिले में लापरवाही का मामला सामने आया है। वहां एक गांव के बाहर बनाए गए आइसोलेशन से ४० लोग फरार हो गए।

# उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर एवम तहसीलदार नें विकलांगों को वितरित की खाद्य सामग्री

**राकेश पाण्डेय निश्छल**

लखनऊ। वैश्विक महामारी का रूप ले चुके कोरोनावायरस के संक्रमण को रोकने के लिए पूरा देश लॉकडाउन है। कोविड–१९ के मद्देनजर देश में १४ अप्रैल तक लॉकडाउन है। ट्रेन से लेकर हवाई जहाज तक सब बंद हैं। लोग घरों में नजरबंद हैं जिसके कारण भूखे व गरीबं परिवारो को भोजन की व्यवस्था कर पाना मुश्किल हो रहा है ऐसे में इन गरीब परिवारारों की मदद को जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण रूप से अपना योगदान प्रदान कर रहे है। कोई गरीब भूखा न रहने पाए इस लिए आज सरेजनी नगर तहसील के सदरौना कांसीराम कालोनी में विकलांग व्यक्तियों को उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर प्रफुल्ल त्रिपाठी एवम तहसीलदार सरोजनीनगर उमेश सिंह द्वारा मोहल्ले व क्षेत्र में रहे हैं गरीब विकलांग वह आश्रम हीन परिवारों/बच्चों और महिलाओं को आटा, दाल ,चावल, तेल ,नमक, आलू का वितरण कराया गया। इस अवसर पर तहसील के लेखपाल और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# गोमती नदी में नहाने गए दो लड़के डूबे

**अदभुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। मड़ियांव के सैरपुर गांव के बाहर गोमती नदी में गुरूवार की नहाने गए छात्र सत्यम वर्मा (१७) और आकाश शर्मा (२०) की पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों शव को निकलवाया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में परिवारीजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह के मुताबिक सैरपुर गांव निवासी कमलेश वर्मा किसान हैं। उनका बेटा सत्यम पड़ोसी विष्णु शर्मा का बेटा आकाश शर्मा और गांव के अन्य युवक गांव के बाहर गोमती नदी में नहाने गए थे। बताया जा रहा है कि सत्यम नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया। उसे देखकर आकाश उसे बचाने के लिए लपका। इस बीच दोनों गहरे पानी में समा गए। यह देखकर उनके साथियों ने चीख पुकार मचाने लगे। लेकिन मदद के लिए कोई नहीं आया। यत्त्वकों ने गांव वालों को सूचना दी। इसके बाद कुछ ग्रामीण पानी में उतरे लेकिन दोनों युवकों का कुछ पता नहीं चला। इंस्पेक्टर का कहना है कि उन्हें गोमती में युवकों के डूबने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने आननफानन गोताखोरों का बंदोबस्त करते हुए नदी में उतारा। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों के शव को बाहर निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि सत्यम एक निजी कॉलेज से बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। जबकि आकाश अपने पिता के साथ खेतीबाड़ी में मदद करता था। दोनों की मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम छा गया।

# गरीबो एवं असहाय परिवारों की सहायता हेतु ५ लाख रुपए की महापौर को सौंपी धनराशि

**अखिलेश दुबे**

लखनऊ। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और महापौर के कुशल नेतृत्व में लखनऊ नगर निगम द्वारा कोरोना के इस महाप्रकोप की विपत्तिकाल के समय गरीबों,बेघरों एवं असहाय लोगों के लिए एवं लखनऊ में कोई भूखा न सोए मुहीम के तत्वाधान में महापौर के प्रयासों से सीपेट इंस्टीटयूट ऑफ प्लास्टिक टेक्नोलजी ने नगर निगम के प्रकल्प अन्नदाता को ५ लाख रुपये की सहयोग राशि पत्र महापौर के आवास पर पहुंच कर सौपते हुए आर.टी.जी.एस के माध्यम से ५ लाख रुपये की सहयोग राशि अन्नदा ग्रेन बैंक नगर निगम लखनऊ के खाते में ट्रांसफर की इस अवसर पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने उनके द्वारा किये गए इस अनुपम प्रयास की सराहना करते हुए धन्यवाद भी दिया गौरतलब है कि महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा गरीबों एवं असहाय की सहायता के लिए सभी सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं से अपने स्तर से मदद करने के लिए आह्वान किया था उसी क्रम में सिपेट इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ० संदेश कुमार जैन ने महापौर से वार्ता कर मदद करने की इच्छा जताई थी जिस हेतु डॉ जैन के प्रतिनिधि के रूप में डॉ यू०पी० सिंह (मुख्य प्रबंधक–सिपेट), नितेश जैन जी (प्रशासनिक अधिकारी–सिपेट) एवं जसराम सिंह जी (तकनीकी विशेषज्ञ) ने महापौर को ५ लाख की सहयोग राशि प्रदान किया इस दौरान महापौर संयुक्ता भाटिया को उनके आवास पर पहुँचकर राशि पत्र सौपते समय सीपेट संस्था के मुख्य प्रबंधक डॉ यू पी सिंह, प्रसाशनिक अधिकारी नितीश जैन, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी जसराम सिंह जी भी उपस्थित रहें।

# कम्युनिटी किचन सेंटर जोन ५ से भूखे व सभी गरीब परिवारों को रोजाना भोजन करा पाना गम्भीर समस्या है ।

**अखिलेश दुबे/राकेश पाण्डेय निश्छल**

लखनऊ। भूखे व गरीबों परिवारो को भोजन ना मिलने की खबर को अदभुत समाचार ने प्रकाशित किया। खबर छपने के बाद नगर



निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मामले को संज्ञानता में लेते हुए लंच पैकेट वितरण कराए गये लेकिन प्रतिदिन भोजन देने की बात चुनौती भरी साबित नजर आ रही है यहां जोन पाँच के जेई व मुख्य अभियंता ए सी सिंह कम्युनिटी किंचन सेन्टर व्यवस्था को संभाल रहे इन अधिकारियो ने रोजाना भोजन देने की बात से पल्ला झाडते हुये नजर आये यही के एक अन्य कर्मचारी का कहना है कि यह सब भोजन व्यवस्था नगर निगम के कर्मचारियों व एन जी ओ और अन्य संस्थाओं के माध्यम से की जा रही है इसमें सरकार का किसी प्रकार का कोई भी योगदान नहीं है इन्होंने बताया कि हमारे जोन ५ से ही सरोजिनी नगर क्षेत्र व हज हाउस में ठहरे लोगों को भी भोजन भिजवाया जा रहा है अब इतना बड़ा क्षेत्र है कि कैसे सभी भूखे लोगों तक भोजन पहुंचाया जाए जब तक संभव हो पा रहा है हम गरीबों को भोजन कराने व लंच वितरण कराने व पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं प्रयासरत है कि संस्थाओं और लोगों के माध्यम से सहयोग आगे भी ऐसे ही मिलता रहेगा तो आगे भी हम भूखे लोगों को भोजन मुहैया कराने मे सक्षम हो पाएंगे ऐसे में सवाल यह उठता है कि अभी तो एक सप्ताह ही बीता है शेष बचे १५ दिनों तक गरीबो व भूखे बेसहारा लोगों को भोजन कैसे मिल पाएगा क्योंकि बिना सरकार के सहयोग के तो भूखे और बेसहारा लोगों को भोजन मिलना नामुमकिन हो जाएगा है ऐसे में सरकार को चाहिए कि क्षेत्र के पार्षदो विधायको व नेताओं के माध्यम से भी सहयोग करने की अपील करें जिससे कि कोई भी असहाय व गरीब परिवार भोजन के बिना भूखा ना रहे और उसके बच्चे एवं महिलाओं को कम से कम भरपेट भोजन तो मिल सके।

# प्रदेश में लॉक डाउन का पूरी तरह पालन हो

लखनऊ। आज आवास पर बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट कहा कि पूरे प्रदेश में लॉक डाउन का पूरी तरह पालन हो इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,मुख्यमंत्री ने कहा कि तबलीगी की जमात से जुड़े हुए लोगों की तेजी से तलाश की जाए, वे जहाँ मिले उन्हें तत्काल क्वारंटाइन किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आवश्यकता पढ़ने पर आपात सेवा के लिए रिटायर्ड आर्मी मेडिकल अफसरों के साथ ही साथ पूर्व स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भी सेवा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहरी राज्यों में मौजूद उत्तर प्रदेश के नागरिकों की पूरी मदद की जाए, उनके भोजन आदि का प्रबंध अवश्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि संस्थानों के मालिक अपने कर्मचारियों और श्रमिकों के भोजन का हर हाल में प्रबंध करें, यदि वह नहीं कर पा रहे तो प्रशासन को सूचित करके सभी श्रमिकों और कर्मचारियों के भोजन का इंतजाम सुनिश्चित कराएं, प्रदेश में कोई भी भूखा नहीं रहना चाहिए। राशन वितरण प्रणाली और बैंकों से लेन देन के दौरान भीड़ इकट्ठा न होने



दी जाए पुलिस और होम गार्ड के जवानों की मदद से सारे हेल्थ प्रोटोकॉल पूरे कराएं जाएं। मुख्यमंत्रीजी ने कहा कि सरकार के पास उन लोगों का पूरा आंकड़ा मौजूद हैं जिन्हें उत्तर प्रदेश की सीमाओं से प्रदेश के अंदर अलग अलग हिस्सों में भेजा गया है, इन सभी लोगों को हर हाल में चिन्हित कर लिया जाए इनको हर हाल में क्वारंटाइन रखा जाए। हर जिले में बड़ी संख्या में आश्रय स्थल बनाया जाएं, जो लोग भी लॉकडाउन का पालन करते हुए न दिखें और आश्रयहीन हो उन्हें इन आश्रय स्थलों में रखा जाए, जिन आश्रय स्थलों में सौ से ज्यादा लोग हों वहाँ पर कम्युनिटी किचन शुरू किया जाए, जहाँ सौ से कम लोग हैं वहां उनके लिए भोजन पैकेट का इंतजाम किया जाए। उन्होंने कहा कि हर आश्रयस्थल मैं सारे हेल्थ प्रोटोकल का कड़ाई से पालन हो, मुख्यमंत्रीजी ने कहा कि तमाम सामाजिक संस्थाएं और लोग इस आपदा के वक्त में लोगों की भोजन आदि की मदद करना चाहते हैं, ऐसे लोगों से समन्वय स्थापित करके कुछ आश्रय स्थलों पर इनके माध्यम से भी भोजन पहुंचवाया जाए, मुख्यमंत्री जी ने कहा आटा मिलें, दाल मिलें, तेल मिलें सभी हेल्थ प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चलवाई जाएं।

# घर बैठे पुरुषों ने दिखाया अपना हुनर

## ऑनलाइन टैलेंट शो में विजयी प्रतिभागियों की हुई घोषणा

**अंजली पाण्डेय**

लखनऊ। विश्व भर में कोरोना वायरस ने हाहाकार मचा कर रखा है, कई देशों ने इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी चीजों को लॉक क्यों हो रहे हैं इधर उधर, आइये दिखाइए घर से ही अपना हुनर टाइटल पर आधारित थी। जिसमें से सलाद/फल सजावट, भोजन थाल सजावट और पुरुषों द्वारा घर मे हिमांशु मणि त्रिपाठी ने प्रथम स्थान एवं रामानंद पाठक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वातावरण सही होने के बाद सभी विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट प्रदान







डाउन कर रखा है। भारत में भी अभी भी लॉक डाउन चल रहा है। राजधानी लखनऊ में लक डाउन के दौरान जनता में बोरियत ना हो पाए और घर पर रहकर भी इंटरेस्टिंग कामों को करने के उद्देश्य से अंजली फिल्म प्रोडक्शन एवं सीटीसीएस फैमिली द्वारा नियंत्रित अपना अड्डा फेसबुक ग्रुप के द्वारा विभिन्न प्रकार की अनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ऑनलाइन प्रतियोगिता की थीम घर में बैठकर में रहकर सहायता कार्य करते हुए कार्य की फोटो अपलोड करनी थी। इसी क्रम में सलाद एवं फल सजावट में श्वेता चावला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान रुद्र पांडे ने प्राप्त किया। भोजन थाल सजावट में शालिनी पांडेय ने प्रथम स्थान एवं बलरामपुर जिले से भावना अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। लॉक डाउन के दौरान पुरुष घर पर क्या क्या मदद कर रहे इस विषय पर पुरुषों द्वारा घरेलू सहायता कार्य किये जायेंगे। अंजली फिल्म प्रोडक्शन से प्रोडक्शन इंचार्ज अंजली पांडेय के द्वारा इस प्रकार के आयोजन की सलाह दी गईं थी ताकी घर बैठ भी लोग मनोरंजन करते रहें। सीटीसीएस फैमिली के फाउंडर प्रेसिडेंट मनोज कुमार ने बताया कि पब्लिक को घर से ही इंटरेस्टिंग पर परिवार को जोड़े रखने वाली अनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन लक डाउन से हुई बोरियत को कम करने के उद्देश्य से किया गया है।

# किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ने बांटी राहत सामग्री

**के० के० शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज ने कल कई गांव और मोहल्लों में गरीबों को राहत सामग्री वितरित की,,साथ में कामिल उस्मानी ,,विवेक दीक्षित,, ललित मिश्रा,, शिवम सैनी,,प्रियांशु शुक्ला,,मौजूद रहे।देवेंद्र कुमार पंकज ने बताया की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी जी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष पहलाद पटेल की देखरेख में पूरे जनपद में यह कार्यक्रम चल रहा है कुरौना महामारी के चलते लॉक डाउन जब तक रहेगा तब तक यह प्रक्रिया निरंतर चलेगी किसी भी गरीब व्यक्ति को भूखे नहीं सोने दिया जाएगा। संकट की इस घड़ी में गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ी राष्ट्र भक्ति है। मेरा मानना है कि इस पुनीत काम में हर सक्षम व्यक्ति को आगे आना चाहिए और गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करनी चाहिए।

# यूपी में एम्बुलेंस कर्मियों के पास न मास्क न सैनिटाइजर

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। सरकारी अस्पतालों के एम्बुलेंस चालकों और अन्य सहयोगी कर्मियों ने मास्क, सैनिटाइजर और तनख्वाह मिलने में हो रही देरी के कारण नाराजगी जाहिर की है। एम्बुलेंस ड्राइवर एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा, ष्हम रोगियों को ले जा रहे हैं, उनमें से कई कोरोना संक्रमित हैं, लेकिन हमें मास्क और सैनिटाइजर सहित कोई भी सुरक्षात्मक गियर प्रदान नहीं किया गया है। हम पूरी तरह से घातक बीमारियों के संपर्क में हैं। अस्पताल अधिकारियों को इसकी परवाह नहीं है।' उन्होंने कहा कि केवल मुट्ठी भर, लगभग एक दर्जन एम्बुलेंस कर्मचारियों को मास्क, दस्ताने, सैनिटाइटर और कीटाणुनाशक प्रदान किए गए थे, जबकि अन्य इनके बिना काम कर रहे हैं। इस बीच, मुख्य चिकित्सा अधिकारी घनश्याम सिंह ने कहा कि केवल पांच एम्बुलेंस कोरोना संदिग्धों को लाने के लिए रखे गए थे, जबकि अन्य सभी एम्बुलेंस सामान्य रोगियों के लिए हैं। उन्होंने कहा, ष्जो कर्मचारी कोरोनावायरस रोगियों के लिए चिह्नित एम्बुलेंस पर तैनात किए गए हैं, उन्हें मास्क और सैनिटाइजर प्रदान किए गए हैं।' केजीएमयू, बलरामपुर और सिविल अस्पताल में एम्बुलेंस ड्राइवरों ने कहा कि उनका वेतन भी लंबित है, और कई बार याद दिलाने के बावजूद उन्हें उनका बकाया भुगतान नहीं मिल पाया है। बलरामपुर अस्पताल के एक चालक ने कहा, 'सरकार हमें इन गंभीर समय में काम करने के लिए मजबूर कर रही है। अधिकारियों को यह महसूस करना चाहिए कि लॉकडाउन में हमारे परिवारों को भी पैसे की जरूरत होगी।' अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि वेतन और बकाया की मंजूरी के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई थी और जल्द से जल्द भुगतान किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, 'कई ड्राइवरों को पहले ही वेतन दिया जा चुका है और कुछ ही शेष बचे हैं।'

## नवयुवको द्वारा भूखे मजदूरो व गरीब परिवारो के बच्चों व महिलाओं को भोजन वितरण कराया गया

**अखिलेश दुबे**

लखनऊ। जोन ५ चित्रगुप्त नगर वार्ड के अंतर्गत आने वाले भोला खेड़ा, इंद्रपुरी में मजदूरो व गरीबों के परिवारों को भूख से तड़पता देख यहां भोला खड़ा नहर पर कुछ नवयुवक समाजसेवियों ने मिलकर अपने अपने द्वारा चंदा लगाकर कुछ रकम एकत्र की और उससे तहरी बनवा कर मोहल्ले व क्षेत्र में रहे हैं गरीब मजदूर वह आश्रम हीन परिवारों के बच्चों और महिलाओं को घर घर जाकर तहरी वितरण की यही मोहल्ले के बीनू यादव अविनाश दुबे, अंकुर पाल ,बजरंगी ,गोविंद वर्मा ,रोहित मौर्य ,अंबुजश्रीवास्तव ,प्रिंस पाल, शुभम शर्मा ,महेश विश्वकर्मा, दीपू यादव, रोहित वर्मा ,सुधीर अग्रवाल ,सुनील रावत ,रामपाल ,राहुल पाल, समेत क्षेत्र के कई नव युवकों ने सोशल डिस्टेंसिंग के साथ लक डाउन का पालन करते हुए सफाई व स्वच्छता के साथ कोरोना वायरस को ख्याल मे रखते हुए सभी ने सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुए भगोनो मे तहरी भरकर रिक्शा ट्राली पर रखकर घरों घरों जाकर वितरण कराया जिससे कि आपस में भीड़ एकत्र ना हो सके और सोशल डिस्टेंसिंग की दूरी भी बनी रहे इन से बातचीत करने पर इन नवयुको ने बताया कि नगर निगम द्वारा एक दिन यहां भोजन वितरण कराया गया लेकिन आज भोजन देने से इंकार कर दिया तब हम सभी ने मिलकर अपने निजी पैसों को इक्ठ्ठा कर गरीब परिवारों को भोजन मुहैया कराने के लिए योजना बनाकर इन गरीब परिवारों तक भोजन पहुंचाने का कार्य किया जिससे कि इन भूखे और गरीब परिवारों के बच्चो व महिलाएं भोजन के अभाव में भूखी ना रहे अखिलेश दुबे ने जब इन से यह इनसे यह भी सवाल किया कि यहां पर कोई नेता विधायक पार्षद अभी तक भोजन वितरण कराने के लिए पहुंचा कि नहीं इन सभी ने



बताया कि अभी तक किसी ने आकर हाल भी नहीं पूछा भोजन व राशन वितरण कराना तो बहुत दूर रहा ऐसे में यह भी एक सवाल उठता है कि ऐसी मुश्किल घड़ी में जब देश ने संकट हो तो क्या सत्ता पक्ष के नेता व विपक्ष के नेताओं को समाज में अभावग्रस्त भूखे व गरीब परिवारों के लोगों की मदद करने के लिए आगे आने मे इतना डर क्यों जब सरकारी कर्मचारी और संस्थाओं के लोग दिन रात देश व समाज कुमार असहाय लोगों की सेवा के लिए रात दिन लगे हुए हैं तो ऐसे में नेताओं का फर्ज बनता है कि वह समाज में आकर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सहयोग करें।

# अभिभावक को फीस जमा करने के लिए बाध्य न किया जाए

**मो० अरशद**

मऊ। उ०प्र० शासन राजस्व अनुभाग–११ के द्वारा भारत सरकार के आपदा प्रबन्धन अधिनियम–२००५ सपठित उत्तर प्रदेश आपदा प्रबन्धन अधिनियम–२००५ की धारा (२) की उपधारा (जी) के अन्तर्गत कोरोना वायरस (कोविड–१६) के कारण फैल रही महामारी को ''आपदा'' घोषित किया गया है। कोराना वायरस (कोविड–१६) के संक्रमण के फैलाव से बचाव एवं नियंत्रण किए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं उ०प्र० शासन के द्वारा दिनांक २२.०३.२०२० से दिनांक १४.०४.२०२० तक लॉकडाउन घोषित किया गया है और इस अवधि में जनपद मऊ के समस्त शैक्षणिक संस्थान बन्द हैं। लॉकडाउन के कारण कई छात्रों के अभिभावकों एवं उनके परिजनों के कारोबार एवं रोजगार प्रभावित हुये हैं। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को माह अप्रैल,मई व जून, २०२० की फीस पूर्व वर्षो की भाँति माह अप्रैल में ही जमा कराये जाने की सूचनाधनिर्देश प्राप्त हो रहे हैं, जबकि लॉकडाउन से प्रभावित कई अभिभावक अप्रैल माह में एडवांस फीस देने में असमर्थ हैं। इससे अभिभावकों में भय एवं अशान्ति की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसी स्थिति में उ०प्र० आपदा प्रबन्धन अधिनियम–२००५ के अध्याय–६ की धारा–२३(४) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद मऊ की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबन्धन को आदेशित किया जाता है कि उनके द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–१६) की आपदा की अवधि में किसी भी अभिभावक को फीस जमा करने के लिए बाध्य न किया जाए और विद्यालयों द्वारा चलायी जा रही ऑनलाइन पढ़ाई से किसी भी छात्रध्छात्रा को वंचित न किया जाए एवं न ही विद्यालय से किसी छात्रध्छात्रा का नाम काटा जाए।उक्त आदेश का उल्लंघन राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन अधिनियम–२००५ की धारा–५१ के अन्तर्गत दण्डनीय है। अतः उक्त आदेश का अनुपालन कड़ाई से कराना सुनिश्चित करें।

# कीटनाशक विक्रेता अपने प्रतिष्ठानों से ही कृषकों को बिक्री करेंगे

**मो० अरशद**

मऊ। कोविड–१६ महामारी के दृष्टिगत घोषित लॉक डाउन के मध्य कृषि क्षेत्र में कीटनाशी बीज आपूर्ति एवं विक्री कार्यो में छूट विषयक मुख्य विकास सचिव, उ०प्र० शासन एवं प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा लॉक डाउन की स्थिति में आवश्यक सेवाओं को सम्मिलित किया गया है। जिसमें आवश्यक सेवाओं के उत्पादन खाद्य सामग्री, कृषि उत्पादन एं उनसे सम्बन्धित निर्माण ईकाईयों एवं उनमें थोक एवं फुटकर विक्रेता से सम्बन्धित निर्देश है वर्तमान में गन्ने के बुआई के साथ–साथ जायद में मूँगफली, ज्वार, बाजरा, हरा चारा, सब्जी आदि की बुआई के साथ–साथ रबी फसलों की कटाई एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य सामयिक रूप से चल रहे है, के क्रम में उर्वरक बीज एवं कृषि रक्षा रसायनों अनुज्ञप्तिध लाईसेन्स प्राप्त हसकारी एवं निजी बीज विक्री केन्द्र (थोकध्फुटकर) पूर्व की भांति खुलेगा तथा निर्माण एवं आपूर्ति सडक मार्गध्रैक संचालित रहेगा। रेलवे के द्वारा उर्वरक आपूर्ति एवं लोडिंग तथा अनलोडिंग में प्रयुक्त श्रमिक, जनपद में उर्वरक बीज एवं कीटनाशक के परिवहन में लगे हुए वाहनों को उक्त कार्य में लगे होने पर रोका नही जायेगा। वाहन स्वामीध्वाहन चालक अपने मालवाहक वाहनों में आवश्यक वस्तु उर्वरकध्बीजध कीटनाशन जनपद मऊ लिखा हुआ स्टिकर लगायेंगे, कारोना वायरस महामारी के दृष्टिगत समस्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक प्रतिष्ठानों में सोशल डिस्टेंस के नियम का पालन करते हुए आपस में कम से कम १ मीटर की दूरी अवश्य रखेंगे, किसी भी प्रतिष्ठान में भीड़ नही लगने दी जायेगीं षको को लाइन में खड़े होने के लिए प्रत्येक १ मीटर की दूरी पर चूने से रेखा/वृत्त बनाया जायेगा, उर्वरक की बिक्री पास मशीन से करते समय सह सुनिश्चित किया जायेगा कि पास मशीन प्रयोग से पूर्व कृषको के हाथ सेनिटाइजर से सेनिटाइज किये जाये तथा साबुन से हाथ धुलाए जाये, प्रतिष्ठानो के परिसर को प्रत्येक २ घंटे में एक प्रतिशत ब्लीचिंग पाउडर घोल अथवा सोडियम हाइपोक्लोरेट अथवा स्पिरिट आदि अन्य विसंक्रमणों में प्रत्येक दशा में विसंक्रमित किया जाना सुनिश्चित किया जाय, उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के अनुज्ञप्ति धारकों के लिए अपने प्रतिष्ठानों पर आने–जाने के लिए सक्षम स्तर से जारी अनुज्ञपप्ति लाइसेंस ही परिचय पत्र का कार्य करेंगी तथा इन वाहनों को उक्त कार्य हेतु आने–जाने दिया जायेगा, जनपद के समस्त उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेता अपने प्रतिष्ठानों से ही कृषकों को बिक्री करेंगे, रबी फसलो की कटाई में प्रयुक्त होने वाले कम्बाइन, हार्वेस्टर तथा कृषि क्षेत्र में प्रयुक्त श्रमिक, बीज विधायन संयंत्रो के संचालन एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाले श्रमिक को छूट प्रदान की जाती है। उपरोक्त वर्णित आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करायें।

# जानबूझकर स्वयं को छिपाया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी

**मो० अरशद**

मऊ। जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी द्वारा अपील की गई कि वर्तमान में वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण रोकने के लिए पूरे देश में लक डाउन प्रभावी है तबलीगी जमात से संबंधित कुछ जमाती में गए लोगों की बड़ी संख्या में कोरोना पजिटिव होने के लक्षण पाए गए हैं कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए जनपद मऊ के समस्त ऐसे लोग जो इन जमातों में शामिल रहे हो या जिनके घर पर ऐसे लोग का आगमन हुआ हो उनसे अपील की जाती है कि सुरक्षा से अपनी नजदीकी थाने को सूचित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला चिकित्सालय में अपना कोरोना संबंधी मेडिकल परीक्षण जांच आदि करा लें। यदि स्वेच्छा से परीक्षण कराते हैं ऐसे लोगों के विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं की जाएगी। यदि इस अपील के बाद भी जानबूझकर स्वयं को छिपाया गया तो भारतीय दंड विधान एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम २००५ के प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# 110 लीटर अवैध देशी शराब तथा 25 शीशी देशी शराब के साथ 07 व्यक्ति गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना घोसी पुलिस द्वारा झब्बर पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी दौलतपुर, लल्लन राजभर पुत्र बाउल निवासी लठवा दोनों के कब्जे से १०–१० लीटर, सुन्दर उर्फ बादल पुत्र झूरी उरांव निवासी चित्ताकोली जिला लोहरदगा झारखण्ड, ललित मूण्डा पुत्र गुड्डन निवासी हेजरा जिला लातेहर झारखण्ड दोनो के कब्जे से २०–२० लीटर अवैध देशी शराब, थाना मधुबन पुलिस द्वारा प्रवीण यादव पुत्र सूरज यादव निवासी बहादुरपुर थाना उभांव जिला बलिया, भोलू यादव पुत्र राजेश यादव निवासी फतेहपुर तालचर थाना मधुबन मधुबन दोनो के कब्जे से ५० लीटर अवैध देशी शराब, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा भदीड़ के पास से रवि राजभर पुत्र राममूरत निवासी भदीड़ थाना मुहम्मदाबाद के कब्जे से २५ शीशी अवैध देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना सम्बन्धित पर आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजींत कर चालान न्यायालय किया गया।

# चेन लूट मामले में सामिल एक गिरफ्तार, कब्जे से चेन बेच कर प्राप्त रूपये बरामद

**मो० अरशद**

मऊ। थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मढ़इया चट्टी के पास से देवेन्द्र यादव पुत्र गुड्डू निवासी सेखअहमदपुर थाना मुहम्मदाबाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के जामातलाशी में १२०० रूपये बरामद हुआ जो पूछने पर बताया कि वह चेन बेच कर रखा हआ था। गौरतलब है कि दिनांक ०६.०३.२० को वादी देवेन्द्र कुमार निवासी जमालपुर द्वारा चेन लूटने की सूचना थाना स्थानीय पर दी गयी थी जिसमें सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० १०१ध्२० धारा ३६२ बनाम दो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजींत कर घटना के खुलासे का प्रयास किया जा रहा था। जिसमें दिनांक २३.०३.२० को एक अभियुक्त के पास से १५ हजार रूपया बरामद कर गिरफ्तार किया जा चूका है। उसके पूछताछ पर उक्त अभियुक्त का नाम पता ज्ञात हुआ था।

# आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया

मऊ। लॉक डाउन के १३वें दिन जनपद मऊ यूपी–११२ को खाद्यानध्आवश्यक सामग्री से सम्बन्धित कुल १४८ इवेन्ट आये जिसमें पीआरवी द्वारा निम्नलिखित लागों को पीआरवी द्वारा तत्काल सहायत प्रदान किया गया– १. पीआरवी ३६३७ द्वारा इवेन्ट संख्या १८११ पर कालर अनिल निवासी बढ़ुआ गोदाम को आवश्यक सहायत प्रदान की गयी। २. पीआरवी २२५३ द्वारा इवेन्ट संख्या ६१५६, १०६६१ पर कालर निर्मला देवी निवासी सहादतपुरा, मोनी राय निवासी भोजापुरा को आवश्यक सामग्री प्रदान की गयी। ३. पीआरवी ३६४३ द्वारा इवेन्ट



संख्या ५६३८ पर कालर तरन्नूम निवासी कोतवाली को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। ४. पीआरवी २२६५ द्वारा कालर रूपा तिवारी निवासी कोपागंज को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। ५. पीआरवी २२५८ द्वारा इवेन्ट संख्या १५६८ पर कालर मून्ना निवासी नरही बांध को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। साथ ही साथ अन्य इवेन्टों पर थानों के सहायता से आवश्यक सहायता दी गयी।

# पीआरवी द्वारा तत्काल सहायत प्रदान किया गया

मऊ। लॉक डाउन के १२वें दिन जनपद मऊ यूपी–११२ को खाद्यानध आवश्यक सामग्री से सम्बन्धित कुल २१६ इवेन्ट आये जिसमें पीआरवी द्वारा निम्नलिखित लागों को पीआरवी द्वारा तत्काल सहायत प्रदान किया गया– १. पीआरवी २२५३ द्वारा इवेन्ट संख्या १४८७,१४१६ पर कालर पुस्कर राजभर निवासी मुंशीपुरा, बबलु मिश्र निवासी डुमरांव को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। २. पीआरवी २२५२ द्वारा इवेन्ट संख्या ०६६१ पर कालर अन्तिमा निवासी बड़ी कम्हरिया को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। ३. पीआरवी २२८२ द्वारा इवेन्ट संख्या ०८०३ पर



मंशा देवी निवासी बड़ी कम्हरिया को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। ४. पीआरवी २२५५ द्वारा इवेन्ट संख्या १२८१ पर कालर दीलीप निवासी बड़ागांव को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। ५. पीआरवी २२६१ द्वारा इवेन्ट संख्या ०८४२ पर कालर प्रेमचन्द्र निवासी आदिडीह को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। ६. पीआरवी ३६३७ द्वारा इवेन्ट संख्या ०८१६,४८६८ पर कालर पप्पु निवासी पीजरा, कान्ती पाण्डेय निवासी पहाड़पुर को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। साथ ही साथ अन्य इवेन्टों पर थानों के माध्यम से आवश्यक सहायता दी गयी।

## कोरोना वायरस से निपटने को लेकर ०४ टीमों का हुआ गठन, दिया गया गहन प्रशिक्षण

मऊ। कोरोना वायरस के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनुराग आर्य द्वारा जनपद में कुल ०४ पुलिस टीमें गठित की गयी हैं



जिसमें ०१ प्रभारी निरीक्षक, ०४ उपनिरीक्षक, २० आरक्षी व ०४ आरक्षी चालक सहित कुल २६ पुलिसकर्मी नियुक्त किये गये हैं जो २४ घंटे अलर्ट मोड पर पुलिस लाईन मऊ में रिजर्व रहेंगे। साथ ही साथ आज दिनांक ०५.०४.२० को पुलिस लाईन मऊ में पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में उक्त टीमों को डा० वकील के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सुरक्षा उपकरण, सुरक्षा उपकरणों की साफ–सफाई तथा उपकरणों का इस्तेमाल कैसे करें, सुरक्षा उपकरणों को सेनेटाइज कैसे करें तथा कोरोना मरीज के भागने पर खुद को सुरक्षित रखते हुये मरीज को पकड़कर मेडिकल टीम को सुपुर्द कैसें करें, के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुये गहन प्रशिक्षण दिया गया तथा डेमो भी कराया गया।

## ०६ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोपागंज पुलिस द्वारा मु०अ०सं० १२६/२० धारा ३०४, ३४२, ५०४, ५०६ भादवि० में वांछित अभियुक्तगण अख्तर पुत्र



हविजूल्ला, अनवरी पत्नी अख्तर, गाजाला पुत्री अख्तर निवासीगण शिवपुर गाढ़ा मु०अ०सं० १२८/२० धारा १८८, ३७६, ४११ भदावि०, ३/७ इसी एक्ट, व ३ महामारी अधिनियम में वांछित अभियुक्त पून्नु गुप्ता पुत्र राजपति गुप्ता, अमन गुप्ता पुत्र जितेन्द्र गुप्ता निवासीगण सहरोज थाना कोपागंज, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा मु०अ०सं० ६४/२० धारा १८८, २६६, ३२३, ३५३, ५०४, ४२७ भादवि० में वांछित अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र छेदी राम निवासी मन्डुसरा थाना रानीपुर मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# ५४ लीटर अवैध देशी शराब के साथ ०४ व्यक्ति गिरफ्तार

**मो० अरशद**

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा सुमेर सुनार पुत्र रामकुवर निवासी छेदापुरा थाना दक्षिणटोला के कब्जे से १० लीटर अवैध देशी शराब, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा प्रदीप पुत्र प्रहलाद निवासी इन्दारा थाना कोपागंज के कब्जे से ७२ शीशी (२०० मिली) देशी अवैध शराब, थाना मधुबन पुलिस द्वारा राजू शाव पुत्र गुड्डू तुरहा निवासी चक्की मूसा डोरी तथा पप्पू प्रेमचन्द्र पुत्र विकेश निवासी जजौली थाना मधुबन दोनो के कब्जे से क्रमशः २० लीटर तथा १० लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना सम्बन्धित पर आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## शांति भंग की आशंका में ०६ व्यक्ति गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान शांति भंग की आशंका में थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा विशाल कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी ताजोपुर थाना चिरैयाकोट, थाना घोसी पुलिस द्वारा गुड्डू पुत्र राजनयन, रमेश पुत्र सेचन निवासीगण पिड़वल थाना घोसी, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एखलाख अहमद पुत्र नरूल हसन निवासी बुलाकीपुरा थाना कोतवाली, थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा बालचन्द्र यादव पुत्र शिवधारी यादव, राजेश पुत्र लालचन्द्र निवासीगण अक्षार मठीया थाना सरायलखंसी को अन्तर्गत धारा १५१ सीआरपीसी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## प्रति दिन १००० एक हजार परिवारों को भोजन कराने का लक्ष्य

# पैकेट वा भोजन सामग्री घर घर भेजी जा रही

**के० के० शुक्ला**

लखीमपुर–खीरी। नवयुग सामाजिक ट्रस्ट लखीमपुर प्रतिदिन गरीब असहायों को सड़क से लेकर मोहल्लों वा ग्रामों तक भोजन के पैकेट वा भोजन सामग्री घर घर जाकर भेजने का कार्य कर रहे हैं। जिसदिन से लक डाउन माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया। उस दिन से नवयुग सामाजिक ट्रस्ट की सेवा रसोई मोहल्ला सितारामनगर जोडीबंगला नौरंगाबाद में आचार्य संजय मिश्रा प्रांत मीडिया प्रमुख विहिप के आवास पर चल रही प्रति दिन १००० एक हजार परिवारों को भोजन कराने का लक्ष्य है। आचार्य संजय मिश्रा ने कहा यदि आवश्यकता होती तो भोजन बढ़ाया भी जाता है। कई बार ३ बार रसोई में भोजन बनाना पड़ा। घर घर भोजन पहुंचाने का कार्य राघव हिन्दू नगर उपाध्यक्ष भाजपा ,लक्ष्य अग्रवाल , राम पांडे नगर मंत्री भाजपा , अजय अग्रवाल , मानु शुक्ला ,मयंक , राहुल गुप्ता ,अमित , प्रसांत अवस्थी विनय गुप्ता ,अंकित शर्मा ,यस अवस्थी ,अशोक सुक्ला आज सहर के साथ साथ शिव कालोनी भड्डा शिवपुरी मजदूरों को ,बेगम बाग ,गंगोत्री नगर ,कासीराम कालोनी सुभाषनगर सरना पुरम, रासन पहुचाने में विषेस सहयोग युवराज शेखर , ज्ञानू महाराज , राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विहिप ,सेवाभारती सहित कई संगठन समाज मे सहयोग कर रहे है।

# डीएम एसपी ने लॉकडाउन सुनिश्चित करवाया

**के० के० शुक्ला**

लखीमपुर–खीरी ।जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक पूनम ने जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर सतत भ्रमणशील रहकर लॉकडाउन सुनिश्चित करवाया। भ्रमण के दौरान उन्होनें आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं हेतु खुली दुकानों व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और सभी को सोशल डिस्टेंस मेंटेन करते हुए उचित दूरी बनाकर सावधानी व स्वच्छता का ध्यान रखते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। डीएम–एसपी ने गत दिवस की देर शाम थाना फूलबेहड़ का निरीक्षण कर थाने पर समस्त पुलिस कर्मियों को सेनेटाइजेशन, थाने की नियमित साफ–सफाई व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने एवं ड्यूटी के दौरान सावधानी व स्वच्छता का ध्यान रखते हुए लॉकडाउन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया ।जिलाधिकारी ने सभी उपजिला मजिस्ट्रेटों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग की और उनके तहसील क्षेत्रों में स्क्रीनिंग होमों के संचालन एवं उनमें प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अद्भुत होटलः आलू की शक्ल का होटल

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

अपने पर्यटकों को लुभाने के लिए कुछ होटल वाले ऐसा करते हैं जिन्हें देखकर वाकई आप





चौंक जाएं. अजब आकार , अजब डिजाइन, अजाब साज सज्जा. आज हम आपको एक ऐसे ही होटल के बारे में बताने जा रहे हैं. जिसकी तस्वीरें इन दिनों सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रही है. दरअसल साउथ बोइस आयडाहो नाम की जगह से तकरीबन ४०० एकड़ के मैदान के बीचोंबीच एक बड़ा सा आलू रखा गया है, लेकिन ये आलू नहीं बल्कि आलू जैसे दिखने वाला एक होटल है. जिसका नाम है आयडाहो पोटेटो होटल. आलू जैसा दिखने वाला यह होटल दरअसल सीमेंट कंक्रीट और स्टील से बना एक होटल है. इस आलू के आकार के होटल के अंदर जाने पर आपको पता चलेगा कि कैसे दो लोगों के रूकने के लिए यहां सभी तरह के इंतजाम किए गये हैं. बेड से लेकर टयलेट सब मौजूद है. इस होटल में एक रात के ठहरने के लिए २४७ डलर यानि लगभग १८ हजार रूपये देने पड़ते है . इस होटल के एक कमरे में दो लोग आराम से ठहर सकते है. होटल के अन्दर गर्मी न लगे इसके लिए पूरा होटल वातानुकूलित है. आलू के आकार के इस होटल का वजन ६०० टन है।

## मवेशी चोरी करते ०२ व्यक्ति गिरफ्तार-

मऊ। थाना कोपागंज पुलिस देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दोरान लाडनपुर से मवेशी चोरी करते हुए कमरूद्दिन पुत्र इदरिश निवासी लाडनपुर, नौरत्न पुत्र सुरेश निवासी लैरोदेनवार थाना कोपागंज मऊ के कब्जे से ०२ राषि मवेशी बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० १३२/२० धारा ३७६, ४११ भादवि० का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# ५५०० लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है संस्था

राकेश पाण्डेय निश्छल

लखनऊ। एसडीएम सरोजनी नगर की मौजूदगी में संस्था ने किया राशन वितरण , ५५०० लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है संस्था ,राम रोटी के नाम से जरूरतमंदों तक पहुंच रही है मदद, राजधानी



लखनऊ में काम कर रही संस्थाओं में से नलवा सेवा संस्थान और डोनेट ऑकइन वेलफेयर सोसाइटी लॉक डाउन के बाद से ही दैनिक मजदूरी करने वाले कामगारों और मजदूरों को दो वक्त की रोटी मुहैया करा रही है। संस्थाओं ने सरोजनी नगर तहसील के अशरफ नगर के बंगाली खेड़ा, माती के निकट गांधी नगर और सौशिन खेड़ा गाँव गोद लिया है । ये सभी गाँव एससी एसटी में सबसे कमजोर सपेरों के हैं जो साँप दिखाकर अपने व अपने परिवारों का पेट भरते हैं लेकिन लॉक डाउन के चलते उनके सामने एक वक्त की रोटी का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया था और परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया था। ऐसे में संस्थाओं ने इन तीनो गांव को न केवल गोद लिया बल्कि यहाँ रहने वालों को दो वक्त के राशन की भी पूर्ण व्यवस्था की है। इन तीनों ही गांव में संस्थाओं ने आटा , चावल , दाल ,नमक , आलू रिफाइंड लोगों को बांटा इसके अलावा मास्क दस्ताने व साबुन भी बांटे इस राशन वितरण में एसडीएम सरोजनी नगर श्री प्रफुल्ल त्रिपाठी ने राशन वितरण में हिस्सा लिया और संस्थाओं के काम की भी भूरी भूरी प्रशंसा की यही नहीं उन्होंने मौके पर गाँव वालों को सामाजिक दूरी बनाए रखने और गाँव मे ही खुद को लॉक डाउन होने का आग्रह किया और कोरोना के खतरे में सामाजिक दूरी के महत्व को भी बताया। यहाँ नलवा सेवा संस्थान के अध्यक्ष अंशुमान दुबे ने बताया कि इस वक्त तीन गांवों को गोद लेने जे अलावा सरोजनी नगर के विभिन्न हिस्सों में वो और उनके साथी प्रतिदिन ५५०० लोगो को भोजन उपलब्ध करा रहे हैं और खुद की बचत और दोस्तों से मिली आर्थिक मदद से वो इस सेवा को जारी रखे हुए हैं और लॉक डाउन तक स्थानीय प्रशासन की मदद करते हुए उनकी सेवा लगातार चलती रहेगी। इस सेवा को उन्होंने राम रोटी का नाम दिया है और इसमें डोनेट ऑकइन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आदित्य सिंह राठौर सहित रोहित नितिन सैनी , वीरेंद्र सिंह , अनामिका सिंह , विशेष सिंह , संजय बनर्जी , स्वप्निल सिंह शामिल हैं , विकास शुक्ला आदि मुख्य रूप से शामिल रहे हैं ।

# भूमि ने वीडियो कॉल से बच्चों को सोशल डिस्टेंसिंग टिप्स दी

मुंबई। 'पति पत्नी और वो' फिल्म से चर्चित अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने मध्य प्रदेश के सैकड़ों बच्चों को वीडियो कॉल के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग टिप्स दे रही हैं। उसने कहा, इस विशाल देश के प्रत्येक व्यक्ति को सोशल डिस्टेंसिंग और सेल्फ क्वारंटीन के बारे में जानने और समझने की आवश्यकता है,



क्योंकि हमारा देश घनी आबादी वाला देश है। मैंने फैसला किया कि मैं सभी बच्चों से बात करुं गी। कोरोनावायरस महामारी के बारे में चर्चा करने के लिए वीडियो कलिंग सुविधाओं के माध्यम से संस्थान के फैकल्टी और अधिकारियों से बात की। भूमि लगभग तीन साल से वेश्यावृत्ति से बचाई गई लड़कियों सहित परित्यक्त, सामाजिक रूप से पिछड़े और वंचित बच्चों के लिए घर और स्कूल, अभ्युदय आश्रम का समर्थन कर रही हैं। मुरैना स्थित स्कूल की स्थापना १९६२ में घाटी में लड़कियों के वेश्यावृत्ति से लड़ने के लिए की गई थी और इसका विस्तार हाउसिंग लड़कों तक किया गया है। यह स्कूल बच्चों के लिए नौकरी के अवसरों के साथ उन्हें सशक्त बनाता है और उन्हें बेहतर भविष्य भी प्रदान करता है। उसने कहा, मैं आश्रम के प्रत्येक सदस्य से बात कर रही हूं और उन्हें संकट के इस समय के बारे में बता रही हूं। 'पति पत्नी और वो' अभिनेत्री का कहना है कि वह अपने कई निकटवर्ती लोगों को सुरक्षित और संरक्षित रखना चाहती हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि वे अपने समुदायों के भीतर इस संदेश को फैलाएंगे। वर्तमान में खतरा अधिक है और हम सभी को कोरोनोवायरस से लड़ने के लिए अपना प्रयास करना होगा और इसे आगे फैलने से रोकना होगा।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# गायिका कनिका कपूर पीजीआई से डिस्चार्ज, अपार्टमेंट के लोगों ने उन्हें यहां रहने से किया मना

राकेश पाण्डेय निश्छल

लखनऊ। कोरोना वायरस संक्रमित बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर की छठी रिपोर्ट निगेटिव आई है। कनिका कपूर को पीजीआई से डिस्चार्ज कर दिया गया है। वह कोरोना वायरस से संक्रमित थीं और पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। घर में अभी १४ दिन तक क्वारंटाइन में रहेगी। चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। वह क्वारंटाइन में ही रहेंगी। हालांकि उनके आवास शालीमार गैलेंट अपार्टमेंट के लोगों ने उन्हें यहां रहने से मना कर दिया है। इस पर अब वह अपने किसी रिश्तेदार के घर गई हैं। संक्रमण फैलाने के आरोप में कनिका के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा। अब कनिका की हालात में और सुधार होने पर पुलिस उनके बयान दर्ज करेगी। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद २० मार्च को लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएशन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (पीजीएम) अस्पताल में भर्ती हुईं कनिका कपूर अब पूरी तरह से ठीक हो गई हैं। कनिका की लगातार दूसरी रिपोर्ट कोरोना नेगेटिव आई है। इसके बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। डॉक्टर्स की सलाह पर कनिका कपूर को अपने घर में १४ दिनों तक क्वारंटाइन में रहना पड़ेगा। कनिका कपूर की लगातार चार रिपोर्ट्स कोरोना पॉजिटिव आई थीं। जिसके बाद उनके परिवारवाले काफी परेशान



हो गए थे। डॉक्टर्स का कहना था कि कनिका एकदम ठीक हैं। उनमें कोरोना के कोई लक्षण नहीं हैं। पांचवीं के बाद कनिका कपूर की अब छठी रिपोर्ट भी नेगेटिव आई है, इसलिए उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। मशहूर गायिका कनिका कपूर की पांचवीं और छठी रिपोर्ट नेगेटिव आई है अब उनको पीजीआई से डिस्चार्ज कर दिया गया है। वह लगातार १४ दिन अपने घर में क्वारंटाइन में रहेंगी। लखनऊ में अलग–अलग पार्टियों में उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश के तमाम लोग शामिल हुए थे। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह स्वास्थ्य मंत्री भी इसमें शामिल हुए थे और उन लोगों ने अपनी कोरोना वायरस जांच कराई थी। हालांकि, ज्यादातर लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी।अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद कनिका की परेशानी और बढ़ने की संभावना है। कोरोनो वायरस से संक्रमित होने और शहर में खुद को आइसोलेट करने के अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद शहर में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने को लेकर और लापरवाही बरतने के आरोप में कनिका के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उनके खिलाफ शहर के सरोजनी नगर पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा १८८, २६९ और २७० के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह प्राथमिकी लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। वह देश की पहली बॉलीवुड सेलिब्रिटी हैं, जिन्हें यह घातक संक्रमण हुआ है। पुलिस बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर का बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है। कनिका के खिलाफ दर्ज एफआइआर में सात साल से कम की सजा है। ऐसे में उन्हें फौरन गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। डॉक्टरों ने कनिका को कुछ दिन आराम करने और उन्हें क्वारंटाइन रहने के लिए कहा है। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडे ने बताया कि १४ दिनों का क्वारंटाइन खत्म होने के बाद कनिका कपूर से लखनऊ पुलिस पूछताछ करेगी। उन्होंने बताया कि कनिका के खिलाफ लखनऊ के थाना सरोजिनी नगर में आईपीसी की धारा– १८८, २६९ और २७० के तहत एफआईआर दर्ज है। ऐसे में पुलिस की टीम उनसे पूछताछ करेगी। जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की शिकायत पर सरोजनी नगर थाने में कनिका पर आईपीसी की धारा १८८, २६९ और २७० के तहत केस दर्ज हुआ था। दो अन्य एफआईआर हजरतगंज और महानगर थाने में दर्ज की गई थी। इनमें कनिका पर सरकार के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने और जानबूझकर लोगों की जान खतरे में डालने का आरोप है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566
सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक